# University in News on 24 September 2021

## NBT PAGE 4

# एलयू : बीकॉम में दाखिले के लिए 1168 ने करवाया पंजीकरण

■ एनबीटी, लखनऊः लखनऊ यूनिवर्सिटी में स्नातक में दाखिले के लिए सबसे ज्यादा पंजीकरण वीकॉम चार वर्षीय पाठ्यक्रम और वीकॉम ऑनर्स में 1168 हुए हैं। अभी पंजीकरण प्रक्रिया जारी है।

एलयू प्रवक्ता दुर्गेश श्रीवास्तव ने वताया कि एलएलवी पांच वर्षीय पाठ्यक्रम में 574 अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रेशन करवा लिया है। इसी तरह वीवीए में 345, वीएलईडी में 278, वीसीए में 250, वीवीए/ वीएफए में 145, वीएएसी एग्रीकल्चर में 83 और वीजेएमसी में दस अभ्यर्थियों ने वुधवार शाम तक पंजीकरण करवाया है। यह प्रक्रिया अभी आगे चलेगी।

**पीजी के 21 पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा की उत्तर कुंजियां जारीः** प्रवक्ता दुर्गेश श्रीवास्तव के मुताविक, एलयू के परास्नातक सत्र 2020-21 में दाखिले के लिए हुई 21 विषयों की प्रवेश परीक्षा की उत्तर कुंजी वेवसाइट पर अपलोड कर दी गई है। विद्यार्थी एलयू की वेवसाइट के ऐडमिशन पेज के पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम पेज पर देख सकते हैं।



### बीबीए, बीबीए एमएएस में पहले दिन 70% ने लिया दाखिला

■ एनबीटी, लखनऊः लखनऊ यूनिवर्सिटी से संबद्ध महाविद्यालयों में लुआक्मैट के तहत बीबीए और बीबीए एमएस में दाखिले के लिए 300 अभ्यर्थियों को बुधवार को नेशनल कॉलेज बुलाया गया। इनमें 70 फीसदी अभ्यर्थियों ने इन पाठ्यक्रमों में शुल्क जमा करके दाखिला लिया। नेशनल कॉलेज एलयू असोसिएटेड कॉलेजेज मैनेजमेंट टेस्ट (लुआक्मैट) हर साल करवाता है, जो राज्यस्तरीय होता है। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. नीरजा सिंह ने बताया कि इन व्यवसायिक पाठ्यक्रमों बची हुई सीटों के अलावा अन्य 300 सीटों पर दाखिले के लिए शुक्रवार को प्रक्रिया चलेगी।

### पीएचडी दाखिले के लिए इंटरव्यू आज से

■ एनबीटी सं, लखनऊः यूनिवर्सिटी ऑफ लखनऊ (एलयू) ने गुरुवार देर रात फुल टाइम पीएचडी में दाखिले के लिए इंटरव्यू की तारीखों का ऐलान कर दिया। तय कार्यक्रम के मुताबिक शुक्रवार को एजुकेशन विभाग के आवेदकों को 11 बजे बुलाया गया है। पीएचडी इंटरव्यू शेड्यूल एलयू की वेबसाइट के ऐडमिशन सेक्शन के पीएचडी प्रोग्राम सेगमेंट में देखा जा सकता है।

### युवाओं को मानसिक सुकून देगा एलयू

■ एनबीटी, लखनऊः युवाओं को मानसिक रूप से सशक्त वनाने के लिए लखनऊ यूनिवर्सिटी के मनोविज्ञान विभाग की हैपी थिंकिंग लैवोरेटरी और मैत्रीवोध परिवार मुंवई की यूथ फॉर ग्लोवल पीस ऐंड ट्रांसफॉर्मेशन (वाई जीपीटी) के वीच गुरुवार को एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। एमओयू पर एलयू कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और वाईजीपीटी से दीक्षित मेहरा और हरगुन सिंह सचदेवा ने हस्ताक्षर किए।

**हैपी थिंकिंग लेबोरेटरी और जीपीटी के बीच साइन हुआ एमओयू**

हैपी थिंकिंग लेवोरेटरी की निदेशक प्रो. मधुरिमा प्रधान ने वताया कि इस एमओयू से विद्यार्थियों का न सिर्फ शैक्षणिक विकास होगा, वल्कि वे जीवन की चुनौतियों का सामना अधिक अच्छे ढंग से कर सकेंगे। परंपरागत शिक्षा पद्धति और नई शिक्षा पद्धति के वीच की दूरी को भी कम किया जा सकेगा। यह एमओयू विवि के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक और मनोआध्यात्मिक विकास के लिए व्याख्यान, कार्यशाला और अन्य कार्यक्रम आयोजित करने में सहायक होगा।

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

### लविवि : यूजी काउंसिलिंग में 2853 ने भरी चॉइस

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से पहले चरण में 10 कोर्सों के लिए शुरू की गई ऑनलाइन काउंसिलिंग में विद्यार्थियों का अच्छा रुझान देखने को मिल रहा है। ऑनलाइन प्रवेश काउंसिलिंग में 24 घंटे में ही 2853 विद्यार्थियों ने विभिन्न कोर्सों के लिए अपनी चॉइस भरी है। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि बीकॉम व बीकॉम ऑनर्स में 1168, बीएलएड में 278, बीजेएमसी में 10, बीएससी एग्रीकल्चर में 83, बीबीए में 345, बीसीए में 250, बीवीए-बीएफए में 145 व एलएलबी फाइव ईयर में 574 विद्यार्थियों ने अपनी चॉइस लॉक की। विद्यार्थी अभी 25 सितंबर तक चॉइस फिलिंग करेंगे। जल्द ही बीए व बीएससी कोर्स में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग भी जल्द शुरू होगी। विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट देखते रहें।

### पीजी प्रवेश परीक्षा की आंसर की जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से 29 अगस्त को आयोजित परास्नातक प्रवेश परीक्षा की आंसर की बृहस्पतिवार को जारी कर दी गई है। विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट के एडमिशन पेज पर जाकर इसे चेक कर सकते हैं। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर के अनुसार इनवायरमेंटल साइंस, भूगोल, हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन, एलएलबी, मैथ्स, मध्यकालीन एवं आधुनिक इतिहास, एमपीएड, एमवीए-एमएफए, एजुकेशन, फिजिक्स, राजनीति विज्ञान, एंथ्रोपोलॉजी, अप्लाइड जियोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री, बायोटेक्नोलॉजी, बीपीएड, सीएमपीएच, कॉमर्स, कंप्यूटर साइंस, इकोनॉमिक्स, इंग्लिश की आंसर की जारी की गई है।

### एलयू न्यू कैंपस में 1612 को लगी वैक्सीन

■ एनबीटी, लखनऊः लखनऊ यूनिवर्सिटी के न्यू कैंपस में इंटिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंस (आईएमएस) की तरफ से गुरुवार को निःशुल्क लगे वैक्सिनेशन कैंप में 1612 लोगों को वैक्सीन लगाई गई। इनमें आईएमएस के 922 छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने वैक्सिनेशन करवाया। आईएमएस के निदेशक प्रो. एमके अग्रवाल ने बताया कि कैंप में कोविशील्ड और कोवैक्सीन दोनों मुहैया करवाई गई थीं। नाका गुरुद्वारे में भी 921 लोगों को वैक्सीन लगाई गई।

## HINDUSTAN PAGE 6

### एलयूः पीजीईटी की उत्तर कुंजी जारी

**लखनऊ।** एलयू की पीजीईटी-2021 प्रवेश परीक्षा की उत्तर कुंजी विवि की वेबसाइट के एडमिशन पेज पर जारी कर दी गयी हैं। जिन विषयों की आंसर की जारी हुई हैं उनमें एन्वायरमेंटल साइंस, जियोग्राफी, हॉस्पिटल मैनेजमेंट, एलएलबी, मैथ्स, मिडिवल एंड मॉडर्न हिस्ट्री, एमपीएड, एमवीए/एमएफए, एजुकेशन, फिजिक्स, पॉलिटिकल साइंस, एन्थ्रोपोलॉजी, एप्लाइड जियोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री, बायो टेक्नोलॉजी, बीपीएड, सीएमपीएच, कॉमर्स, कम्प्यूटर साइंस, इकोनॉमिक्स, इंग्लिश हैं।

### एलयू में लगभग तीन हजार पंजीकरण हुए

**लखनऊ।** लखनऊ विवि में स्नातक दाखिलों में गुरुवार की शाम तक 2853 पंजीकरण हो चुके थे। इनमें बीकॉम के 1168, बीएलएड के 278, बीजेएमसी के 10, बीएससी एग्री. के 83, बीबीए के 345, बीसीए के 250, बीवीए और बीएफए के 145, एलएलबी फाइव ईयर के 574 पंजीकरण शामिल हैं।

## i-NEXT PAGE 5

### पीजीईटी की आंसर की जारी

**LUCKNOW (23 Sept): एलयू ने पीजीईटी प्रवेश परीक्षा के विभिन्न विषयों की आंसर की विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी कर दी गई है. इसके तहत एनवायरमेंटल साइंस, भूगोल, अस्पताल प्रशासन, एलएलबी, गणित, मेडिवल एंड मार्डन हिस्ट्री, एमपीएड आदि की आंसर की जारी की गई है.**

## JAGRAN CITY PAGE I

### हैप्पी थिंकिंग लेबोरेटरी और वाईजीपीटी में एमओयू

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय, मनोविज्ञान विभाग के हैप्पी थिंकिंग लेबोरेटरी और मैत्रीबोध परिवार मुंबई के युवा विंग वाईजीपीटी (यूथ फॉर ग्लोबल पीस एंड ट्रांसफारमेशन) के बीच एमओयू हस्ताक्षर किया गया। वाईजीपीटी मैत्रीबोध परिवार द्वारा युवाओं के लिए बनाई गई एक शाखा है। विभागाध्यक्ष मधुरिमा प्रधान का कहना है कि एमओयू से विद्यार्थियों का मानसिक विकास होगा। (जासं)

### लवि : पीजीईटी की उत्तर कुंजी जारी

जागरण संवाददाता, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय की सत्र 2020-21 की पीजीईटी प्रवेश परीक्षा के विभिन्न विषयों की उत्तर कुंजी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी कर दी गई है।

इसके तहत एनवायरमेंटल साइंस, भूगोल, अस्पताल प्रशासन, एलएलबी, गणित, मेडिवल एंड मार्डन हिस्ट्री, एमपीएड, एमवीए, एमएफए, एजुकेशन, फिजिक्स, पालिटिकल साइंस, एंथ्रोपोलाजी, एप्लाइड भूगोल, बायोटेक्नोलाजी, बीपीएड, सीएमपीएच, कामर्स, कंप्यूटर साइंस, इकोनोमिक्स, अंग्रेजी की उत्तर कुंजी जारी की गई है।

## THE PIONEER PAGE 4

### Lucknow Univ signs MoU with YGPT

Lucknow (PNS): An MoU was signed between the Youth for Global Peace and Transformation (YGPT), the youth wing of MaitriBodh Parivaar, and the University of Lucknow on Thursday.

The pact was signed by YGPT representatives Mitra Dixit Mehra & Mitra Hargun Singh and LU Vice-Chancellor Prof AK Rai. Director of Happy Thinking Laboratory, department of Psychology (LU), Prof Madhurima Pradhan, gave a brief introduction of the lab.

"The lab has been a constant pillar of light and has supported the students, endowing them with emotional quotient and emotional resilience. This agreement between the Happy Thinking Laboratory and YGPT will facilitate motivational and emotional development sessions amongst the students that will help them deal with trials and tribulations of in a better way," LU spokesperson Durgesh Srivastava said.

## AMRIT VICHAR PAGE 3

### छात्रों को मानसिक रूप से सशक्त बनाने की हुई पहल

अमृत विचार, लखनऊ

**लखनऊ विवि**

- **मनोविज्ञान विभाग, हैप्पी थिंकिंग लेबोरेटरी व मैत्रीबोध परिवार में साइन हुआ एमओयू**

आज का युवा मानसिक रूप से मजबूत हो इसके लिए लखनऊ विश्वविद्यालय में युवाओं की काउंसलिंग की पहल शुरू होने जा रही है। विश्वविद्यालय की ओर से इस संबंध में एक एमओयू साइन किया गया है।

विवि के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि मैत्रीबोध परिवार द्वारा युवाओं के लिए बनायी गयी एक शाखा है जिसका प्रारंभ मैत्रेय दादा के निर्देशन में वर्ष 2013 में किया गया। इसका लक्ष्य युवाओं को मानसिक रूप से सशक्त बनाना एवं उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। इस शाखा में युवाओं की एक टीम पूरी लगन एवं निष्ठा से मानवता की सेवा में प्रतिबद्ध है जिसमें अत्यंत सफल एवं सुस्थापित प्रोफेशनल्स जुड़े हुए हैं जो युवाओं को नई दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। इस एमओयू में लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय एवं वाई जीपीटी की ओर से मित्र दीक्षित मेहरा एवं मित्र हरगुन सिंह सचदेवा ने हस्ताक्षर किए। उन्होंने बताया कि इसके लिए प्रोफ़ेसर मधुरिमा प्रधान, निदेशक, हैप्पी थिंकिंग लेबोरेटरी ने इसके दृष्टिकोण और उद्देश्यों को साझा किया। ज्ञात हो कि यह प्रयोगशाला लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों एवं शिक्षकों की संवेगात्मक एवं आध्यात्मिक बुद्धि को उन्नत करने एवं मनो आध्यात्मिक विकास हेतु एक वर्ष से कार्य कर रही है।

## TIMES OF INDIA PAGE 3

### LU signs pact for exchange of motivational sessions

TIMES NEWS NETWORK

**Lucknow:** The Happy Thinking laboratory of Lucknow University's psychology department signed a Memorandum of Understanding (MoU) with Youth for Global Peace and Transformation (YGPT), the youth wing of MaitriBodh Parivaar, on Thursday.

"YGPT works to empower and transform youth. It is a team of young people who have the passion to serve humanity, bring together professionals and gives youth a new direction," said LU spokesperson Durgesh Srivastava.

He said this agreement between the laboratory and YGPT will facilitate motivational and emotional development sessions among students of the two institutes. Under the MoU, both institutions will exchange talks, seminars and mental counselling sessions.

### PG entrance test answer key out

LU released the answer keys of PG entrance tests on Thursday. The entrance tests for over 4,000 PG seats were held from September 6-13. The results are likely to be released by September-end.

### Assam Rifles jawans stir up nationalism among LU students



The cycle rally organized by Assam Rifles reaches LU

TIMES NEWS NETWORK

**Lucknow:** The cries of "How is the josh? High Sir," suddenly echoed in Lucknow University on Thursday, making students turn their heads to find 50 jawans of Assam Rifles entering the campus on bicycles.

Cycling all the way from Shillong, the 50 jawans who are part of 3,000-km cycle rally organized by Assam Rifles to celebrate Azadi Ka Amrut Mahotsav — the government's initiative to mark 75 years of India's Independence, reached the campus to motivate students and arouse the feeling of nationalism in them.

The jawans started their bicycle rally from Shillong on September 5 last year and have crossed five states while cycling through Siliguri, Kolkata, Ranchi, Prayagraj and reached Lucknow where they were accorded a warm welcome from LU's UP 63 Battalion, NCC.

Students and teachers cycled with them on the campus and bid them goodbye while wishing all the best for their onward journey to the next destination. The jawans will go to Agra, Mathura and will finally end the rally in New Delhi

"The rally commemorates 75 years of progressive India and the glorious history of its people, culture, achievements and promotes the Fit India Movement. The jawans visited all places related to the freedom struggle and paid tributes to freedom fighters. Their motivation talk filled our students with josh," said the Dr Kiran Lata Dangwal, faculty of education, and Captain of UP 63 Battalion, NCC.

## RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

### लविवि ने जारी की पीजीईटी प्रवेश परीक्षा की आंसर की

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की सत्र 2020-21 की पीजीईटी-2021 प्रवेश परीक्षा की आंसर की विवि की वेवसाइट के एडमीशन पेज पर जारी की है। विवि द्वारा जिन विषयों की आंसर की जारी की है उनमें मैथ्स, ,लएलवी, एन्वायरमेंटल साइंस, जियोग्राफी, हॉस्पिटल मैनेजमेंट, मिडिवल एंड माडर्न हिस्ट्री, एमपीएड, एमवीए/एमएफए, एजुकेशन, फिजिक्स, पॉलिटिकल साइंस, एन्थ्रोपोलॉजी, एप्लाइड जियोलॉजी, वायोकेमिस्ट्री, वायो टेक्नोलॉजी, वीपीएड, सीएमपीएच, इंग्लिश, ईकोनॉमिक्स, कॉमर्स तथा कम्प्यूटर साइंस शामिल हैं।

### लविवि स्नातक दाखिलों में हुए 2,853 पंजीकरण

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में चल रही स्नातक दाखिलों की प्रक्रिया में वृहस्पतिवार की शाम तक 2,853 पंजीकरण हो चुके हैं। इनमें वीकॉम में 1,168, वीएलएड में 278, वीजेएमसी में दस, वीएससी एग्रीकल्चर में 83, वीवीए में 345, वीसीए में 250, वीवीए/वीएपए में 145, एलएलवी फाइस इयर में 574 पंजीकरण हुए हैं।